तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025

13 कर्मा नृत्य, कीर्तन मंडली, भागवतिया पार्टी ...



14 सड़कों पर घुमंतू पशुओं के गले में बांधी गई रेडियम ...





नवरात्रि विशेष



### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंदहासोज्जवलकरा
शार्दूलवरवाहना।

**मौका:** अवर सचिव का आदेश, संपत्ति कर जमा करने की तिथि बढ़ी

# टैक्स जमा किए जाने के लिए एक माह का समय और मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी टैक्स वसूली में पिछड़ गई है। 40 प्रतिशत ही टैक्स वसूली हो पाई है। टैक्स जमा नहीं करने पर तीन अप्रैल से अधिभार लगाए जाने की सूचना को विराम देते हुए फिलहाल टैक्स जमा किए जाने के लिए तिथि एक माह और बढ़ा दी गई है।



नगरीय निकाय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव आनंद कुमार पटेल ने बुधवार को जारी किए गए निर्देश के तहत संपत्ति कर भुगतान के लिए विशेष छूट प्रदान करते हुए 30 दिन की विशेष छूट प्रदान की गई है। इस संबंध में पत्र प्रदेश भर के निकायों को जारी कर दिए गए हैं। बता दें कि नगरीय निकायों में संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है। इस वर्ष भी संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने हेतु अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोकसभा निर्वाचन कार्य, निकायों का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा स्थानीय निकायों का निर्वाचन आदि में आचार संहित भी प्रभावी रही तथा उक्त कार्यों में निकायों के अधिकारी/कर्मचारी भी संलग्न रहे। फलस्वरूप राजस्व आय संग्रहण की कार्यवाही प्रभावित हुई है।

इस वर्ष संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने हेतु अंतिम तिथि में 30 दिवस की विशेष छूट प्रदान करते हुए 30 अप्रैल निर्धारित की गई है साथ ही निकाय के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर संपत्तिकर संग्रहण करने एवं नागरिकों को ऑनलाईन भुगतान के लिए प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### अब तक केवल 40 फीसदी ही कलेक्शन

चालू वित्तीय वर्ष में कुल बकाया 317 लाख रुपए है। जिसके एवज में 40 प्रतिशत ही टैक्स वसूली हो पाई है। वहीं पूर्व वर्ष को भी 433 लाख रुपए बकाया है। जिसकी वसूली 20 प्रतिशत हुई है। चालू और पूर्व वर्षों का कुल बकाया 751 लाख कुल बकाया है। बता दें कि लगातार 6 वर्षों से नपा टैक्स वसूली में पिछड़ रही है। जिसके कारण विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

# फ्री में कुकर स्कीम के झांसे में आई महिला फिंगरप्रिंट ले आरोपी ने निकाल लिया लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फ्री में कुकर स्कीम के झांसे में आकर एक महिला ठगी का शिकार हो गई। आरोपी ने महिला के फिंगरप्रिंट लेकर बैंक से लोन की रकम निकाल कर धोखाधड़ी कर ली। बसना थाने में एफआईआर कराने के दौरान पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी ने उसके अलावा 138 अन्य महिलाओं के साथ भी धोखाधड़ी को अंजाम दिया है।

बसना थाने में एफआईआर कराते हुए प्रार्थिया रजनी देवांगन पति राजेश देवांगन (35 वर्ष) निवासी पिरदा ने पुलिस को बताया कि वह कपड़ा बुनकर का काम करती हूं। 15 अप्रैल 2024 को उसके गांव के सुदर्शन साहू ने घर आकर कहा कि महतारी वंदन की तरह ही सरकार फ्री में कुकर बांट रही है। इसके बाद आरोपी अपने मोबाइल से फिंगर मशीन को कनेक्ट कर उसका अंगूठा निशान लेकर चला गया। 2-3 बाद घर आकर एक नया कुकर देते हुए फिर फिंगर निशान लिया। आरोपी ने 22 अक्टूबर 2024 को किस्त में मोबाइल लेने के बात करते हुए फिर तीन बार अंगूठे का निशान लिया, लेकिन प्रार्थिया द्वारा मोबाईल किस्त में महंगा पड़ेगा कहने पर 25 अक्टूबर 2024 को घर आकर कैंसिल करने के लिए मोबाईल से फिंगर मशीन को कनेक्ट कर चार बार अंगूठे का निशान लिया। इसके बाद प्रार्थिया को उसके गांव के घनश्याम यादव द्वारा आरोपी सुदर्शन साहू धोखे से अंगूठा निशान लेकर इंडूसलैंड बैंक से लोन निकालकर लिया गया है बताया गया।

### बैंक में जाने के बाद हुई धोखाधड़ी की जानकारी

प्रार्थिया ने 29 अक्टूबर 2024 को इंडूसलैंड बैंक शाखा बसना गई और वहां जानकारी लेने पर पता चला कि उसकी जानकारी के बिना सुदर्शन साहू द्वारा पहले 50450 रुपये तथा दूसरी बार 58000 रुपये धोखे से लोन निकाला गया है। जिसका प्रति सप्ताह 1720 रुपये का 21 किस्त सुदर्शन साहू ने पटाया है। वर्तमान में 70880 रुपये बचा है।

प्रार्थिया ने बताया कि सुदर्शन साहू के द्वारा उसे तथा अन्य 138 महिलाओं को झांसे में लेकर धोखा देकर फिंगर मशीन से मोबाईल को कनेक्ट कर अंगूठा निशान लेकर बिना जानकारी के इंडूसलैंड बैंक में खाता खोलकर लोन रकम आहरण कर धोखाधड़ी किया गया है। मामले में बसना थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मेड़ बना रहे किसान से दो लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम घाटकछार में अपने खेत में मेड़ बना रहे व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। सिंघोड़ा थाने में इस मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गोपाल कुमार निवासी घाटकछार ने बताया कि वह 1 अप्रैल की शाम करीबन 6 बजे अपने खेत में मेड़ बना रहा था, उसी समय गांव के धनपति बगर्ती एवं खदालो बगर्ती आए और हमारे खेत में मेड़ क्यों बना रहे हो कहकर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट करने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## एक्सीडेंट में तीन लोग घायल

**महासमुंद**। बीते महीने हाईवा चालक द्वारा पिकअप को टक्कर मार देने से तीन लोग घायल हो गए थे। इस मामले की रिपोर्ट पटेवा थाने में कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी मगराज जैन निवासी बोड़ेगांव थाना नंदनी नगर जिला दुर्ग ने बताया कि 16 मार्च को पिकअप क्रमांक सीजी 07 बीयू 2703 से वह एवं अपने लड़के अंकित जैन, लड़की सिमरन जैन, कुसुम कश्यप गांव बोड़ेगांव के साथ चंद्रहासिनी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। रात्रि करीबन 1.30 बजे एनएच 53 रोड ग्राम टुरीडीह तालाब के पास पिकअप को रोड किनारे संकेतक देकर खड़ी किया था, तभी पीछे से आ रही हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 13 बीडी 5224 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पिकअप न को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे अंकित जैन, सिमरन जैन, कुसुम कश्यप को चोटें आई। अंकित जैन का लाज सर्व ट्रामा हॉस्पिटल रायपुर में, सिमरन जैन का इलाज रामकृष्ण केयर हास्पिटल रायपुर में हुआ और कुसुम कश्यप का इलाज चंदूलाल चंद्राकर हॉस्पिटल भिलाई में चल रहा है । रिपोर्ट पर पटेवा थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## चलती ट्रेन के आगे पटरी पर लेट गया युवक, मौत

**महासमुंद**। हाईवे 353 के ग्राम बेलसोंडा स्थित रेलवे क्रॉसिंग में मंगलवार को एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है, जिसमें आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बता दें कि खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दी गई। खबर है कि आत्महत्या करने वाला ग्राम खरोरा निवासी युवक नागेश्वर चंद्राकर 35 वर्ष कुछ दिनों से परेशान था। वहीं परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि नागेश्वर चंद्राकर (35) खरोरा का रहने वाला था, जो जेसीबी चलाता था। बीते कुछ दिनों से वह परेशान चल रहा था। वह मंगलवार सुबह करीब 8 बजे घर से चाय पीने के बाद निकला था। बेलसोंडा स्थित रेलवे फाटक के पास ट्रेन की पटरी में लेट गया। सामने से आ रही ट्रेन युवक के सिर से गुजर गई। इससे युवक शरीर का हिस्सा दो भागों में बंट गया। सिर पटरी के पास जा गिरी। वहीं पैर का हिस्सा दूसरी ओर छिटक गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने युवक के धड़ को देखकर इसकी सूचना महासमुंद थाने में दी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवाया। फिलहाल युवक की आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है।



# पिथौरा क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष बने दुलीकेशन, संरक्षक नियुक्त हुए देवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

जिले के पिथौरा शहर में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह को देखते हुए पिथौरा रेस्ट हाउस में पिथौरा क्रिकेट अकादमी की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से दुलीकेशन साहू को पिथौरा क्रिकेट अकादमी का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही, उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश चौधरी एवं विजय गौतम को जिम्मेदारी दी गई, जबकि कौशल दास मानिकपुरी को सचिव और सुनील यादव को सह-सचिव नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दुर्गेश सोनी को सौंपी गई।

बैठक के दौरान क्रिकेट अकादमी के पदाधिकारियों ने क्रिकेट एवं अन्य खेलों को बढ़ावा दिए जने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए। जिसमें रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक यह था कि आगामी दिनों में 16 रात्रिकालीन क्रिकेट मैचों का आयोजन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को अपने खेल में निखार लाने और प्रतिस्पर्धी माहौल में



खेलने का अवसर प्रदान करेगा। कोचों की नियुक्ति क्रिकेट अकादमी में खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण देने के लिए कोचों की नियुक्ति भी की गई। इस दौरान राजेश चौधरी, सुनील सोनी और विजय गौतम को कोच के रूप में चुना गया, जो युवा क्रिकेटरों को खेल की बारीकियां सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

संरक्षक मंडल का गठन बैठक में पिथौरा नगर पंचायत के अध्यक्ष देवेश निषाद को अकादमी का संरक्षक नियुक्त किया गया। इनके साथ वरिष्ठ क्रिकेटर लोकनाथ डडसेना, वरिष्ठ क्रिकेटर सुधीर प्रधान, सुरेश ठाकुर, पीसीएल के पूर्व अध्यक्ष बबलू, लक्ष्मीकांत सोनी, गोपाल शर्मा, सतप्रीत सिंह सलूजा विक्की, मनप्रीत छाबड़ा रिक्की, पूर्व क्रिकेटर डोला गणेश, अविनाश मित्तल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। मीडिया प्रभारी की नियुक्ति क्रिकेट अकादमी की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने के लिए रमेश श्रीवास्तव को पीसीएल (पिथौरा क्रिकेट लीग) का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। वे अकादमी के विभिन्न आयोजनों, खिलाड़ियों की उपलब्धियों और क्रिकेट प्रतियोगिताओं की जानकारी मीडिया के माध्यम से साझा करेंगे।

# देह व्यापार का हुआ भंडाफोड़, लॉज संचालक पिता-पुत्र समेत 6 को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर के फोरलेन स्थित जय पैलेस (लॉज) में दबिश देकर पुलिस ने देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए लॉज संचालक के पुत्र समेत 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सार्वजनिक स्थल पर लॉज में देह व्यापार का सरायपाली में यह पहला मामला है। लॉज संचालक जयप्रकाश पटेल के पुत्र अंकित और संतोष दास के खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इस संबंध में एसडीओपी ललिता मेहर ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली प्राथमिकी के तहत विगत 29 मार्च की रात में एक युवती ने थाने में आकर उसके साथ विकास फैमिली रेस्टोरेंट के ऊपर स्थित जय पैलेस (लॉज) में कुछ युवकों द्वारा जबरदस्ती किए जाने की शिकायत की थी। जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जय पैलेस (लॉज) में छापामार कार्रवाई की गई। पूछताछ किए जाने के बाद वहां देह व्यापार का मामला सामने आया।

पुलिस ने बताया कि यह अनैतिक देह व्यापार लॉज में उपस्थित लॉज संचालक अंकित पटेल की जानकारी में चल रहा था। शिकायतकर्ता युवती पहले भी लॉज में संतोष पिता मदन दास के साथ आती रही है। आरोपी संतोष दास संभवतः दलाली का कार्य करता है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 84/2025 के तहत लॉज संचालक अंकित पिता जयप्रकाश पटेल (22 वर्ष) निवासी ग्राम केना थाना सरायपाली तथा संतोष पिता मदन दास (35 वर्ष) निवासी ग्राम मोहदा थाना सरायपाली को पीटा (प्रिवेशन ऑफ इम्मोरल ट्रैफिकिंग) एक्ट की धारा 3, 4, 5 और 7 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं इसी प्रकरण में दूसरी प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपराध क्रमांक 83/2025 जिसके तहत युवती ने लॉज में उसके साथ कुछ युवकों द्वारा जबरदस्ती करने की शिकायत भी की थी। पहचान करने पर पुलिस ने जयप्रकाश पिता राजेंद्र पटेल (45 वर्ष) निवासी ग्राम केना थाना सरायपाली, भोपाल सिंह पिता गंगा सिंह राजपूत (41 वर्ष) निवासी ग्राम खेजरीयाली थाना समदड़ी जिला पाड़मेर (राजस्थान), चंदन कुमार पिता दिलीप कुमार कुर्मी (28 वर्ष) निवासी कोचस थाना कोचस जिला रोहताश (बिहार) तथा हरदीप सिंह पिता विक्कर सिंह (32 वर्ष) निवासी मोड पटियाला थाना- सहीना जिला-बरनाल को बीएनएस की धारा-74, 76 (5) के तहत लज्जा भंग, छेड़छाड़, वस्त्र हरण के इरादे से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसडीओपी ललिता मेहर ने बताया कि इस मामले मे पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और आगे भी कई और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। नगर में इस तरह की घटना से नगर व क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि ऐसे अवैध धंधों के चलते क्षेत्र की छवि धूमिल हो रही है। पुलिस प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस तरह के अवैध कार्यों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि समाज को इस कारोबार से बचाया जा सके। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस रैकेट से जुड़े और कौन-कौन लोग शामिल हैं और इसमें किन-किन बड़े लोगों को संलिप्तता हो सकती है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# सड़कों पर घुमंतू पशुओं के गले में बांधी गई रेडियम की पट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगरीय क्षेत्र के सड़कों में घुमंतू पशुओं के गले में नगर पालिका द्वारा अभियान चलाकर रेडियम पट्टियां बांधी जा रही है। ताकि शहरी क्षेत्र में असमय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। गौरतलब है कि नगर की सड़कों में रात्रि के समय घुमंतू गौवंशों की मौजूदगी बनी रहती है। जिससे दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को अंधेरे में पशु नहीं दिखाई देते हैं। जिस कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावन बनी रहती है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश में यह अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत पालिका के एसबीएम की पूरी टीम मुख्य मार्ग पर बैठे सभी जानवरों को हटा रही है। साथ ही रास्ते में जितने भी घुमंतू



जानवर मिल रहे है उनके गले में रेडियम बेल्ट बांधे जा रहे हैं। तथा उनके सींगो पर रेडियम रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं। इन रिफ्लेक्टिव बेल्ट की खासियत यह है कि जब भी इन पर लाइट पड़ती है तो यह चमकता है। जिससे दूर से ही वाहन चालकों को यह पट्टियां चमकती हुई दिख जाती है। और वाहन चालक सतर्क हो जाते हैं। इससे अकस्मात घटना होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने कहा कि पालिका के इस सकारात्मक प्रयास का परिणाम यह रहता है कि रात के अंधेरे में सड़क पर घूम रही या बैठी गौ माता भले नजर ना आए। लेकिन रिफ्लेक्टर पट्टी लगी होने से दूर से ही लाइट पड़ने से ये चमकने लगती है । जिससे वाहन चालक सतर्क हो जाते हैं ।

## नगर में आर्ट ऑफ़ लिविंग का दिव्य सत्संग 4 से

**महासमुंद।** नवरात्रि पर्व पर 4 अप्रैल शुक्रवार को शाम 6 बजे आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार महासमुंद द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर में दिव्य सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग से आर्ट ऑफ़ लिविंग की सीनियर फैकल्टी डॉ शैलजा चंद्राकर, ताम्रध्वज एवं दक्षिणी (उम्र 7 वर्ष स्टार डेमो गर्ल) आ रहे है। सत्संग के साथ में प्रज्ञा योग किए हुआ बच्चों द्वारा डेमोस्ट्रेशन दिया जाएगा। यह प्रक्रिया बच्चों की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, निर्णय लेने का आत्मविश्वास एवं फोटोग्राफिक मेमोरी बढ़ाती है। इस नवरात्रि स्पेशल दिव्य सत्संग का आनंद लेने की अपील आयोजन समिति ने की है।

# ओवरब्रिज के नीचे चला विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मियों ने तुमगांव रोड ओवरब्रिज के नीचे विशेष सफाई अभियान चलाया। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालते ही पालिकाध्यक्ष साहू ने नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने विशेष प्रयास कर रहे हैं। नगर की सम्मानित जनता, व्यापारियों से सुझाव एवं समय-समय पर बैठक कर शहर को स्वच्छ रखने रणनीति बनाकर अमल भी कर रहे हैं। सफाई कर्मियों के कार्य स्थल पर नपाध्यक्ष स्वयं उपस्थित रहकर उनकी हौसला अफजाई भी करते हैं। जिससे इन कर्मियों का हौसला



बढ़ता है। साहू का कहना है कि नगर की आम जनता के सहयोग से सुंदर, स्वच्छ व स्वस्थ महासमुंद की कल्पना को साकार करने का पूरा प्रयास करुंगा। इसके लिए आप सभी को नगर पालिका प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। उन्होंने नगर वासियों से प्लास्टिक का उपयोग ना करने, नालियों में कचरा ना डालने की अपील की है। ओवरब्रिज के नीचे सफाई अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, सभापति सूरज नायक, टोमन कागजी आदि उपस्थित थे।





## कोडार खल्लारी में आस्था के 511 ज्योत जले

**महासमुंद।** नेशनल हाइवे 53 स्थित जय मां खल्लारी मंदिर कोडारबांध तुमगांव में श्रद्धालुओं द्वारा इस वासंती चैत्र नवरात्रि में आस्था व मनोकामना के 511 ज्योत जलाये गये हैं। समिति के अध्यक्ष किशोर चंद्राकर ने बताया कि मंदिर को आकर्षक ढंग से रंग रोगन व रोशन कर सजाया गया है। आसपास की माता सेवा टोलियों के सुमधुर जसगीत गायन, मांदर की थाप, झांझ-मंजीरों के वादन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर है। श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पुजारी हरीश दुबे विधि विधान से नियमित पूजापाठ व सुखराम यादव पंडा अपने सेवकों के साथ ज्योत-जंवारा सेवा का दायित्व पूरी श्रद्धा के साथ निभा रहे हैं। चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तदनुसार 30 अप्रैल रविवार से महोत्सव आरंभ हुआ है। 2 अप्रैल को पंचमी पर श्रृंगार व पूजा हुई। 4 अप्रैल को कालरात्रि महानिशा पूजा होगी। वहीं अष्टमी हवन पूजा 5 अप्रैल शनिवार को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। दोपहर 2 बजे पूर्णाहूति के पश्चात कन्या पूजन व प्रसादी वितरण होगा। 6 अप्रैल को जंवारा विसर्जन, भोग-भंडारा व राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार चंद्राकर, सचिव हर्ष शर्मा, ओमप्रकाश यादव, नंदलाल पटेल, जगदीश ध्रुव, सुनील चंद्राकर, शंभू भट, गौतम सिन्हा, हेमंत चंद्राकर, रविंद्र चंद्राकर, गणपत यादव, जनकराम साहू, प्रचार सचिव राजेश्वर खरे सहित समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण महोत्सव में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## कलेक्टर ने किया राजस्व निरीक्षक दौलत राम को निलंबित, विभागीय जांच के भी दिए आदेश

**महासमुंद।** राजस्व निरीक्षक दौलतराम ठाकुर, रानिमं शेर / बरोंडा बाजार तहसील महासमुंद का बिना पूर्व सूचना एवं सक्षम अधिकारी के अनुमति बिना अनाधिकृत रूप से अवकाश पर रहने तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के कार्यालयीन कारण बताओ नोटिस का संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने के फलस्वरूप कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने श्री ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत पाये जाने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत ठाकुर राजस्व निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है एवं उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय सरायपाली नियत किया जाता है। दौलतराम ठाकुर, राजस्व निरीक्षक को निलंबन अवधि में मूलभूत नियम के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। दौलतराम ठाकुर राजस्व निरीक्षक के प्रभार अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल शेर का अतिरिक्त प्रभार महेश बंजारे राजस्व निरीक्षक, रानिमं सिरपुर को एवं राजस्व निरीक्षक मंडल बरोंडा बाजार का अतिरिक्त प्रभार मनीष श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक रानिमं महासमुंद को सौंपा गया है।

# विधायक से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**नर्रा।** पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से ग्राम पंचायत भलेसर के सरपंच अरुण चंद्राकर, राटापाली सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर सोनवानी, ग्राम पंचायत झिटकी सरपंच प्रतिनिधि नूतन पटेल, ग्राम पंचायत बोइरगांव सरपंच डोंगर सिंह ठाकुर, नवनीत नाग कांग्रेस नेता ने सौजन्य भेंट मुलाकात की। और विधायक से गांवों में चहुंमुखी विकास कार्यों के लिए मांग पत्र सौंपा।

## भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर हुई शहर मंडल की बैठक

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिकाए महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूर्व पार्षद संदीप घोष, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, महिला नेत्री पूर्व पार्षद मीना वर्मा सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुई। शहर मंडल की इस बैठक में भाजपा शीर्ष संगठन द्वारा आगामी 5 अप्रैल को नगरपालिका के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के पदभार ग्रहण की भी जानकारी देते हुए बताया कि 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे सभी वार्डों के कार्यकर्ताओं को जिला भाजपा कार्यालय में उपस्थित होना है, जहां से महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा सहित भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में रैली के रूप में नगर पालिका में 12 बजे विधिवत पदभार ग्रहण किया जाना है। भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रमों के तहत 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप घोष ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहर मंडल के सभी 46 बूथों में 6 अप्रैल को भाजपा के



स्थापना दिवस पर सार्वजनिक उपयोगी स्थलों में स्वच्छता अभियान, रंगोली, झंडा तोरण साज सज्जा, संगोष्ठी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान सहित भाजपा के संस्थापक महापुरुष सदस्यों के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ मनाने सम्बन्धी जानकारी दी गई। बैठक का संचालन और आभार मंडल पदाधिकारी हनीश बग्गा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद माखन पटेल, निश्चय चंद्राकर, पीयूष माधुरी यादव, पवन पटेल, हाफिज कुरैशी, मुन्ना साहू, हिमांशु, राकेश सचदेवा, अशोक साहू, नईम खान, अशोक साहू, महेश चौहान, सोनाधार सोनवानी, सुरेखा कंवर, मधु यादव, शरद राव, अमित साहू, रमेश, विनोद गुप्ता, अनुज पांडे, सूर्य प्रताप सिंह, सुरेंद्र महाराज, सुरेश साहू आदि मौजूद रहे।

# ब्लैक होल डी इंडिका भारतीय न्याय व्यवस्था के तरीके एवं सलीके का प्रभावक महाआख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रख्यात व्यंग्यकार गजेंद्र तिवारी कृत व्यंग्य उपन्यास ब्लैक होल डी इंडिका पर विविधतापूर्ण समकालीन समीक्षात्मक अध्ययन ग्रंथ का विमोचन कार्यक्रम शासकीय जेपी वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बिलासपुर में हुआ। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल शामिल हुई। यह आयोजन न्यायमूर्ति चंद्रभूषण वाजपेयी के मुख्य आतिथ्य तथा डा.विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग एवं कुलपति थाणे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार की अध्यक्षता एवं डा. श्यामलाल निराला प्राचार्य जेपी वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बिलासपुर के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में डा. अनुसुइया सहित वरिष्ठ पत्रकार एवं समीक्षक गिरीश पंकज रायपुर एवं डॉ.अनिता सिंह प्राचार्य महाराणा प्रताप महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा ग्रंथ की समीक्षा की गई। इस मौके पर डॉ. अनुसुइया ने कहा कि ब्लैक होल डी इंडिका भारतीय न्याय व्यवस्था के तरीके एवं सलीके का प्रभावक महाआख्यान है। उन्होंने कहा कि ब्लैक होल डी इंडिका एक ऐसी खुली हुई पर्त की अथाह एवं अवाक सच है, जहां हम अधिकारों, अधिरक्षों, अवसरों, उन्नति एवं उम्मीदों की शोषित और लचर रूप में पाते है। भारतीय न्याय व्यवस्था की अत्यंत धीमी चाल और विलंबता की सीमाओं को बड़ी संजीदगी के साथ गजेन्द्र तिवारी ने उकेरा है। उनका सीधा-सीधा आशय यह है कि तारीखों की बौछारें जब आपके धैर्य की खस्त छतरी पर पड़ेगी तब आप उस बारिश में भीग कर स्वयं को निहायत बेबस और लाचार पाएंगे। इस कृति में उनकी व्यंग्य की दृष्टि से कोई भी पक्ष अछूता नहीं रह पाया है। वार्तालाप शैली में बहुत ही सरल सहज भाषा शैली में लिखित यह उपन्यास अनूठा है। यह कृति हरिशंकर परसाई के स्तर का व्यंग्य कृतिकार सिद्ध करती है। उन्होंने आज की कटु सच्चाई को स्पष्ट किया है।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति चंद्रभूषण वाजपेयी ने अपने संस्मरणों तथा अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि यह उपन्यास सत्य घटनाओं तथा सत्य पात्रों पर आधारित है। यह उपन्यास ऐसा प्रतिनिधि उपन्यास है, जो एक सदी तक जीवित रहेगा। गजेन्द्र तिवारी ने अपने अनुभव को



उपन्यास के रूप में उतार दिया है। इसमें घटनायें पाठक के समक्ष प्रत्यक्षतरू दृष्टिगत होते हैं। यह ऐसा प्रयास है जो मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर प्रो. अनुसुइया के निर्देशन में पीएचडी उपाधि प्राप्त डा. दीप्ति ठाकुर का सम्मान किया गया। विदित हो कि उन्होंने गजेंद्र तिवारी के व्यंग्य और संवेदना और शिल्प पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। साथ ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा राज्य स्तरीय ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर अलंकरण प्राप्ति पर न्यायाधीश सुरेन्द्र तिवारी का सम्मान प्रयास प्रकाशन द्वारा किया गया। इस ग्रंथ के समस्त विद्वत लेखकों को भी सम्मानित किया गया । इस अवसर पर डा. विनय कुमार पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यंग्यकार गजेंद्र तिवारी द्वारा लिखित ब्लैक होल डी इंडिका न्याय प्रणाली को केंद्रस्थ करते हुए 21वीं सदी के भारतीय जीवन का काला चिट्ठा का प्रतीक कहें अथवा ब्लैक होल डी इंडिका ही है। 21वीं सदी का यह आईना परंपरा को सहेजते हुए प्रगतिशीलता के पथ पर व्यंग्य की धार के प्रहार को प्रदर्शित कर प्रकारांतर में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात प्रायः प्रत्येक क्षेत्र में हुई गिरावट के ग्राफ को दिग्दर्शित करता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा. श्यामलाल निराला ने उपन्यास पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उपन्यास में आज समाज में विकृति को स्पष्ट करते हुए समाधान की दिशा को भी इंगित किया गया है। न्यायाधीश सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि इस समीक्षा ग्रंथ में देश के 54 सुप्रसिद्ध समीक्षकों की समीक्षा को संग्रहित कर एक अनूठा और विशिष्ट प्रयास किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि उपन्यास नैत्य श्रेणी से हटकर है, परंपरागत लक्षणों व मापदंडों के आधार पर की गई समीक्षा सीमित होगी और न्यायपूर्ण नहीं हो पाएगी, इसलिए समीक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करते हुए विषय वस्तु को वर्तमान परिस्थितियों से जोड़कर भागवत कथा वाचकों की शैली में सुसंगत व रोचक समीक्षित करने का प्रयास किया गया है। सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार गिरीश पंकज रायपुर ने कहा कि ब्लैक होल डी इंडिका विश्व स्तरीय विशिष्ट व्यंग्य उपन्यास है,जिसमें समाज के विविध पक्षों तथा समस्याओं को उधृत करते हुए न्याय प्रणाली के दूषित आयाम से आम जनता को होती परेशानियों तथा कष्टों का उल्लेख ही नहीं किया गया है, बल्कि उसके समाधान की ओर दिशा निर्देश भी किया गया है। डॉ. अनिता सिंह ने कहा कि इसमें लेखक ने सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं को दर्शित करते हुए इसे वैश्विक स्तर का व्यंग्य उपन्यास बना दिया है। कार्यक्रम का संचालन डा. कीर्ति तिवारी और डा. वीरेन्द्र तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डा. वीरेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर केशव शुक्ला, शिवप्रताप साव, डॉ राघवेंद्र दुबे, डॉ विवेक तिवारी, डॉ एके यदु, डॉ ब्रजेश सिंह, मदनमोहन अग्रवाल, आशीष श्रीवास, विष्णु तिवारी, डॉ दीनदयाल यादव, रामनिहोरा राजपूत, डॉ बजरंग बली शर्मा, शत्रुघ्न जैसवानी, डॉ राजेश मानस, डॉ. उग्रसेन कन्नौजे, डॉ आभा गुप्ता, संगीता बनाफर सहित बिलासपुर, रायपुर एवं क्षेत्र से पधारे हुए अनेक साहित्यकारगण शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### पंच के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भतकुंदा में एक पंच के साथ मारपीट के मामले सांकरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जगत कुमार चौहान निवासी भतकुंदा ने बताया कि वह गांव के वार्ड क्रमांक 10 का पंच है। एक अप्रैल की रात करीब 9 बजे गांव की राजकुमारी बंजारा ने फोन कर कहा कि वह बनदुर्गा मंदिर के पास दुकान खोलना चाहती हूं। जिसे लेकर मीटिंग रखी हूं, जिसमें आने के लिए कहा। मीटिंग में दुकान खोलने के संबध में बातचीत हो रही थी तभी गांव का परमानंद पटेल बनदुर्गा मंदिर के अंदर से निकलकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्के से मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पति-पत्नी के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम अंतरझोला में पति-पत्नी के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पुलिस को जानकी सिदार ने बताया कि वह ग्राम अंतरझोला अपने मायके में पति एवं बच्चों के साथ रहती है। 22 मार्च को सपरिवार घर में बैठे हुए थे। रात करीब 9 बजे गांव का पारेश्वर सिदार उनके घर के सामने आया और नशे में गाली गलौज करने लगा, जिसे प्रार्थिया के बुजुर्ग पिताजी कुलमणी सिदार ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी उनके साथ वाद विवाद करने लगा, जिसे देखकर प्रार्थिया और उसके पति मोहन सिदार भी गये और समझाने लगे, लेकिन आरोपी पारेश्वर सिदार दोनों से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



### सोरम सिंघी में 1 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन

**खल्लारी।** ग्राम सोरम सिंघी में चैत्र नवरात्र पर्व के मौके पर इन दिनों समस्त ग्रामवासियों के सहयोग पर 1 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर वरिष्ठ ग्रामीण गजानंद दुबे, मोहित चंद्राकर, पुनम चंद्राकर ने बताया कि चैत्र नवरात्र के इस मौके पर यहां के प्रमुख चौक गायत्री माता मंदिर परिसर में विधिवत पूजा अर्चना व मंत्रोच्चार के साथ प्रति दिवस सुबह के समय ग्रामीण महिला, पुरूष व बुजुर्ग सहित छोटे बड़े बच्चों की उपस्थिति में 1 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। उक्त आयोजन नवरात्र के पहले दिन रविवार 30 मार्च से प्रारंभ हुई, वह रविवार 6 अप्रैल नवरात्र समापन तक चलेगी।

### मेडिकल कालेज भवन निर्माण के लिए 299.85 करोड़

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के स्पष्ट निर्देश हैं कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ राज्य की जनता तक पहुँचे और सभी संसाधनों का उपयोग जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किया जाए। इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिले की डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में गीदम में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु 299 करोड़ 85 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के क्रियान्वयन के लिए लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत सीजीएमएससी को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है।

### सर्वाधिक स्वास्थ्य संस्थाओं को मिली राष्ट्रीय पहचान

**रायपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा प्रदायगी के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार ने नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के प्रति समर्पित सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि राज्य में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले शासकीय अस्पतालों की संख्या में बीते वर्ष के दौरान वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-23 के पूर्व सीमित संख्या में स्वास्थ्य संस्थानों को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था, वहीं '2024-25' में इनकी संख्या 300 से अधिक हो गई है। यह पूर्व वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है, जो राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार को दर्शाती है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर दी गई ससम्मान विदाई

महासमुंद। जल संसाधन कोडार शीर्ष कार्य उपसंभाग महासमुंद के सहायक वर्ग-02 सुरेश कुमार क्षेत्रपाल को सेवानिवृत्त होने पर साल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर एके खरे कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, जीपी पाटिल अनुविभागीय अधिकारी कोडार शीर्ष कार्य उपसंभाग, एनके ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी कोडार नहर उपसंभाग, मुकेश कुमार चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी क्र. 01, टीपी वर्मा सेवानिवृत्त सहायक अभियंता, पीएल कोसरिया केनाल डिप्टी कलेक्टर, ई. लक्ष्मी देवी, मोतीलाल मालेकर, तोशिबा दीवान, राहुल ठाकुर, ऋषभ चंद्राकर, एमएल ध्रुव, बीएस ठाकुर, बिहारी शर्मा, आरपी वर्मा, एलएन बघेल, सीतेश कुमार साहू, ममता चंद्राकर, यशवंत ठाकुर, हेमलाल साहू, शिवकुमार ध्रुव, विकांत पुरी गोस्वामी, आशीष चंद्राकर, भीखम कुमार चंद्राकर, ललित कुमार यादव, वेद प्रकाश सिन्हा, विक्की साहू, उमेश कुमार सिन्हा, भुनेश्वर यादव, वी प्रमिला राव, शीतल कन्नौजे, शोभा रामटेके, भारती चंद्राकर, द्रोपती वर्मा, रजवंतीन बाई साहू, तारकेश्वर साहू, ओमप्रकाश सिन्हा, रामानंद निषाद, फुलसिंग यादव, मोहन लाल कन्नौजे, गोपाल ध्रुव, रामस्वरूप ध्रुव, चैतराम साहू, केके श्रीवास्तव, हरिराम नसीने, नरेंद्र महोबिया, मनराखन लाल ध्रुव, पुनीत राम साहू, संतुराम साहू, लच्छी राम साहू, नारायण साहू आदि मौजूद रहे।

### प्रतिबंधित सिरप के साथ पकड़ाया बदमाश

रायपुर। ग्राहक की तलाश में ग्राइंडर की दुकान में बोरी में प्रतिबंधित सिरप रखने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खमतराई पुलिस को सूचना मिली थी कि हटरी बाजार में एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में बैठा है। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम प्रशांत वहाने निवासी विजय नगर छठवा तालाब बताया। तलाशी लेने पर उनके पास प्रतिबंधित नशीली सिरप मिली। आरोपी के विरुद्ध थाना खमतराई में एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है।

# पीएम-जनमन योजना के तहत कमार जनजाति के लाभार्थियों को मिला एकमुश्त लाभ

**प्रधानमंत्री आवास योजना से संवरती धनसुली की कमार बस्ती, चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गृह प्रवेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासन की योजनाओं की वास्तविक सफलता तभी मानी जाती है जब उनकी पहुंच और क्रियान्वयन समाज के सबसे निचले तबके तक सुनिश्चित हो। प्रदेश में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों में से एक कमार जनजाति भी है, जिसमें अभी भी शिक्षा और जागरुकता का अभाव है। अपनी लोक संस्कृति और पारंपरिक विरासत एवं मूल्यों के साथ जीवन-यापन करने वाली यह जनजाति कई मायनों में आज भी पिछड़ी हुई है। ऐसे ही एक गांव धनसुली में कमार जनजाति की बहुलता है, लेकिन शासन की योजनाओं का लाभ लेने के मामले में इनकी बात औरों से जुदा है। मगर अब प्रधानमंत्री जनमन योजना इस जनजाति के जीवन में एक नई रोशनी लेकर आई है। धीरे-धीरे बदलाव की यह लहर उनके जीवन के हर पहलू को छू रही है, जिससे न केवल उनका जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है, बल्कि वे आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा रहे हैं।

महासमुंद जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम धनसुली के कमार बस्ती में निवासरत कमार जनजाति के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत एकमुश्त लाभ मिला है। आज कमार बस्ती में निवासरत 15 से अधिक परिवारों में सारे घर पीएम आवास योजना के अंतर्गत बने हैं। एक तरह से यह बस्ती आवास योजना का गवाह बन चुका है, जहां सारे घर आवास योजना के माध्यम से बने हुए हैं।



इनमें से लगभग सभी घर पूर्णतः बनकर तैयार हो चुके हैं, बस कुछ एक घर बच गए हैं जिनमें रंग रोगन का कार्य शेष है। कमार जनजाति के बाशिंदे पेशे से मुख्यतः बांस की टोकरी, सूपा एवं अन्य सामान बनाकर अपनी आजीविका चलाते हैं लेकिन यह जनजाति अब शासन की योजनाओं का लाभ लेने में पीछे नहीं है। प्रायः कमार जनजाति के लोग घुमंतू और खानाबदोश प्रवृत्ति के होते हैं, लेकिन यहां के कमारजन जो प्रायः घास फूस, खादर और मिट्टी से निर्मित अस्थायी घरों में रहते थे, उन्हें अब स्थायित्व मिल गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास मिल चुके हैं।

योजना की लाभार्थी 52 वर्षीय लीला बाई कमार ने बताया कि पहले उनका घर घास-फूस का था। जीविका चलाने के लिए वे मुख्यतः बांस के सामान बनाकर थोड़ी-बहुत आमदनी करती थीं। इसके अलावा घर के पुरुष सदस्य ईंट भट्टी में काम करने जाते थे, लेकिन यह आय बेहद सीमित थी, जो परिवार की जरूरतों को पूरा करने में नाकाफी थी। सीमित आय होने की वजह से एक पक्का और सुरक्षित घर बनाना उनके लिए एक अधूरा सपना था। लेकिन, उनके जीवन में तब बदलाव आया जब पीएम-जनमन योजना के तहत आवास स्वीकृत किए जाने की सूचना मिली और योजना अंतर्गत 2 लाख रुपए का लाभ मिला।

आज इस योजना के तहत उन्हें एक पक्का और सुरक्षित आवास मिला है। इसी क्रम में 35 वर्षीय सावित्री बाई कमार, 31 वर्षीय मीना बाई कमार, 55 वर्षीय चैती बाई कमार को भी आवास योजना का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि उनके परिवारों को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है और इस प्रकार कमार जनजाति का जुड़ाव धीरे धीरे विकास की मुख्यधारा से हो रहा है। गौरतलब है कि विगत दिनों चैत्र नवरात्रि एवं नववर्ष के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर प्रवास के दौरान 3 लाख परिवारों को गृह प्रवेश का सौभाग्य मिला।

जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक द्वारा 15 कमार परिवारों को विधिवत चाबी सौंपी गई एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों से गृह प्रवेश कराया गया था। योजना से मिले लाभ और आवास के लिए हितग्राहियों ने जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री साय का मन से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**आयोजन : बरोली में बड़े धूमधाम से मनाया गया हिंदू नववर्ष**

# कर्मा नृत्य, कीर्तन मंडली, भागवतिया पार्टी की बालिकाओं का नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

आरएसएस व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में हिंदू नववर्ष को अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। जानकारी अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष आगमन के प्रथम दिवस पर गांव का भ्रमण करते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कर्मा नृत्य, कीर्तन मंडली, कन्याओं द्वारा भागवत गीत पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का छायाचित्र रथ विराजमान थे। कर्मा, भागवत, कीर्तन मंडली गांववासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।

ग्राम बरोली के समस्त घरों के सामने कलश में दीपक जलाकर नववर्ष के आगमन का अभिनंदन किया। सभी घरों के माता बहनों ने भगवान श्रीराम की निकली शोभायात्रा का आरती उतार कर स्वागत किया और गांव की खुशहाली व कल्याण की कामना की। शोभायात्रा में खंड सरसंघ चालक सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मनोज अग्रवाल, सेवक दास दीवान पत्रकार, पंचराम गहीर खंड कार्यवाह, प्रताप रूद्र साहू, सुरेंद्र साव, शशिकांत साव, संकीर्तन साव, विकास साव, ललित साव, प्रकाश दास, नेमी दास, संजय दास सहित सैंकड़ों युवा चल रहे थे। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा पूरे गांव में भ्रमण के पश्चात स्कूल प्रांगण कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा का आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा के साथ



स्वागत किया गया।

बता दें कि शोभायात्रा के पश्चात हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि डोलामणि सिदार खंड कार्यवाह राजिम, प्रेमबाई साव जनपद सदस्य, सरोजिनी कौशिक सरपंच ग्राम पंचायत बरोली, शैलेंद्र सिन्हा व्याख्याता, वृंदावन नायक व्याख्याता, सेवक दास दीवान प्रदेश अध्यक्ष पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़, प्रताप रूद्र साहू पंच, भुवनेश वैष्णव, संकीर्तन साव, विकास साव आदि का नव युवकों द्वारा पुष्पमाला से स्वागत किया गया। नृत्य प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने भाग लिया। विभिन्न गांवों से आये नृत्य मंडलियों द्वारा मनमोहक झांकी व नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार आरएन डांस ग्रुप बागबाहरा, द्वितीय पुरस्कार ब्लैक पैंथर शीतलपुर, तृतीय पुरस्कार बी टाउन भंवरपुर एवं चतुर्थ पुरस्कार एफएफ डांस ग्रुप पिरदा और एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार पवन हीना रायपुर, द्वितीय पुरस्कार मानसी महंत रायगढ़, तृतीय पुरस्कार मामुनि फरीदा सुंदरगढ़ ओडिशा एवं चतुर्थ पुरस्कार सूरज निषाद को प्रदान किया गया। नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ विवेक दास, डॉ जय किशन कौशिक, विकास साव रहे।

उल्लेखनीय है कि हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता के पूर्व डोलामणि सिदार ने जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष मनाने की परम्परा व संस्कृति पर विस्तृत रूप प्रकाश डाला। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नववर्ष के आगाज और नवरात्र के प्रथम दिवस हम सभी के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है। हम अपनी हिंदू संस्कृति और परंपरा को न भूलें। पाश्चात्य संस्कृति का तिरस्कार करते हुए हिंदू संस्कृति के आधार पर चलें और आने वाले पीढ़ी को हमारी संस्कृति से अवगत करायें। वरिष्ठ पत्रकार सेवक दास दीवान ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था। पितामह ब्रह्मा ने आज ही के दिन सृष्टि की रचना की थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 30 मार्च 2025 का हिंदू नव वर्ष प्रथम दिवस है। हम सभी एकता के सूत्र में बंध कर हिंदू नव वर्ष मना रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक के खंड कार्यवाह पंचराम गहीर के नेतृत्व में यह आयोजन सफल व ऐतिहासिक रहा। सरोजिनी कौशिक सरपंच ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विवेक दास, डॉ जय किशन कौशिक, नरेंद्र साहू, नीलेश पटेल ने किया। कार्यक्रम में अनीश चौहान, चन्द्रध्वज साव, जयंत सिदार, पंकज सिदार, हेमेंद्र नायक, तेजराज, मुकेश ओगरे, ओजेश साव, प्रवीण साव, सोमदत्त साव, प्रमोद सिदार, धीरज चौहान, अजय साव, आशुतोष वैष्णव, राकेश साव, चंदन दास, निखिल दास, यश दास, युवराज चौहान, गजेंद्र चौहान, शैलेंद्र दास, तुषार दास, दुर्गेश साव, जीतू चौहान, नमन दास, दीतेश साव, यमल दास, मिहिर, हिमांशु पटेल आदि का सहयोग रहा।

# सनबाहली में सात दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन



**बसना।** एसएनबी क्रिकेट क्लब द्वारा समस्त ग्रामीणजनों के सहयोग से बड़ी हर्ष के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता 26 मार्च से 01 अप्रैल तक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि चातुरी डिग्री लाल नंद (सरायपाली विधायक), नोविना अमृत लाल जगत (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), आनंद कोटवार (केलवार), केकती हरिश्चंद्र पटेल सरपंच, उसत टंडन उपसरपंच उपस्थित रहे। प्रथम पुरस्कार 20001 रुपए समिति द्वारा एवं चैलेंज ट्रॉफी नरसिंह बरिहा द्वारा प्रतियोगिता में विजेता टीम ग्राम रायकोना को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार 10001 की राशि ग्राम पंचायत लोहंडीपुर के सरपंच केकती हरिश्चंद्र पटेल एवं ट्रॉफी प्रदीप जनरल स्टोर भंवरपुर द्वारा उपविजेता टीम ग्राम बोड़ा को दिया गया। तृतीय पुरस्कार की राशि 5001 रुपए कैलाश किराना स्टोर्स द्वारा एवं ट्रॉफी मुकेश पटेल उड़ेला द्वारा ग्राम धामनघुटकुरी के टीम को दिया गया। सांत्वना पुरस्कार के रूप में ग्राम तरेकेला, झारउड़ेला एवं कुशभांठा के टीम को 2000 रुपए का सम्मान की राशि समिति द्वारा प्रदान किया गया। वहीं मैन ऑफ द मैच रहे रायकोना के चांद को मैडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज रहे ग्राम बोड़ा के दीपक को मैडल एवं ट्रॉफी दीपक कुमार नेताम शीतलपुर द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य सहयोगी सिदार टेंट एंड डीजे (उड़ेला), कैलाश किराना स्टोर्स, हरकुमार पटेल (केलवार), शिवलाल नायक (जमीनीडीह), नंदकुमार चौधरी झारबंद, कल्पना नर्सिंग होम भंवरपुर प्रदीप जनरल स्टोर भंवरपुर, मुकेश पटेल( उड़ेला), ठंडाराम बरिहा सचिव (लोहड़ीपुर), दिलीप अजगल्ले (सरपंच चिपरिकोना), प्रीतम चतुर्वेदी, प्रदीप चंद्रवंशी (भूत पूर्व सरपंच चिपरिकोना), नंदकुमार सेन, रिखीराम टंडन (लोहड़ीपुर), रवि पटेल, कार्तिक राम (उड़ेला), राहुल हार्डवेयर (भंवरपुर), हीरालाल पटेल (उड़ेला), रघुदास (सनबहली), खूंटे डॉक्टर, डॉ. साहू (सनबहली), हेमलाल मुंडा, अमृत डीजे, घनश्याम सिदार, समस्त पंचगण शौकीलाल मुंडा, कांता सिदार, कलम सिंग भोई, सहयोगी शिक्षकगण-धोबालाल पटेल, पूर्व समन्वयक विजय चतुर्वेदी, राकेश चतुर्वेदी, जगदीश मांझी, टिकेंद्र सिदार, डिजेंद्र कुर्रे -समन्वयक, शंकर सिदार, अनिल पटेल, डोसराम बसंत, चंद्रकिरण सिदार, शैलेष सिदार, राजेंद्र साव, डॉ महासिंह एवं समस्त खिलाड़ीगण समेत ग्रामवासी मौजूद रहे।

# प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा जीवन में ही करनी चाहिए : मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेमचा के खल्लारी मंदिर परिसर में भागवत पुराण का चतुर्थ दिवस में पंडित मिथलेश कुमार तिवारी ने बताया कि कैसे मेरे राधवेंद्र ने अवतार लिया, मनु और सतरूपा ने भगवान नारायण की तपस्या की। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय प्रभु नारायण प्रकट हुए तो बोले कि आपसे सामान पुत्र चाहिए तो भगवान ने भी कहा दिया कि मेरे समान मैं कहां ढूंढने जाऊंगा। इसलिए मैं ही आपका पुत्र बन जाऊंगा।

कथाकार ने बताया कि राम का जन्म रावण को मारने के लिए ही नहीं हुआ, अपितु ब्राह्मण गौ माता देवताओं संत साधुओं के हित व उनकी रक्षा के लिए हुआ। भगवान को अगर केवल रावण को ही मारना होता तो बैकुंठ में बैठे बैठे ही मार देते। राम अवतार में मेरे प्रभु ने ब्राह्मणों की सेवा, देवताओं की सेवा व संतों साधुओं की सेवा की, लेकिन गौ माता की सेवा नहीं कर पाए, इसलिए प्रभु ने गौ माता की सेवा के उद्देश्य से द्वापर में मेरे प्रभु ने कृष्ण अवतार लिया और खूब गौ माता की सेवा की। हमारा कितना दुर्भाग्य है कि आज उसी गौ माता की अपने ही हिंदू राष्ट्र भारत की दुर्गति है। गौ सेवा तो जीवन में ही होनी ही चाहिए। गौ माता के रोम रोम में देवताओं का वास है। गौ माता की सेवा अगर कर ली तो समझो तैंतीस कोटि देवताओं की पूजा कर ली। आप दान न करे तो चलेगा, पूजा पाठ न करे तो चलेगा, भगवान कथा न चुने तो चलेगा, तीर्थ स्थान न जाय तो चलेगा, पर अगर गौ माता की सेवा नहीं करी तो नहीं चलेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा तो जीवन में ही करनी चाहिए। पहली रोटी हमेशा गौ माता को दे। गौ सेवा अगर कर ली तो आप चाहे कितने भी बड़े पापी हो नरक जाने से बच जाएंगे। यह उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।



### विधायक ने दिव्यांग द्रौपती कन्नौजे को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड नंबर 27 गुड़रूपारा निवासी अस्थि बाधित दिव्यांग द्रौपती कन्नौजे पति दाऊ लाल कन्नौजे ने विधायक महासमुंद को आवेदन प्रस्तुत कर मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की मांग की थी। उनकी इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। निर्देशानुसार, आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने के पश्चात विधायक कार्यालय महासमुंद में द्रौपती कन्नौजे को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्राप्त कर श्रीमती कन्नौजे अत्यंत प्रसन्न हुईं और उन्होंने इसे अपने रोजगार एवं जीवन उपयोगी कार्यों में सहायक बताया। साथ ही, उन्होंने विधायक एवं जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया।

# दवा के दामों में बढ़ोतरी और शराब जैसे जहर के दाम में कटौती, ऐसा है बीजेपी सरकार का सुशासन : कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- गांव-गांव में शराब का कारोबार बढ़ाने वाली भाजपा सरकार की मंशा को समझने की जरूरत

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि शराब दुकानों में बढ़ोतरी कर गांव-गांव शराब का कारोबार बढ़ाने वाली भाजपा सरकार की मंशा को समझने की आवश्यकता है। शराब के दामों में भारी गिरावट करना प्रदेश को नशे की गिरफ्त में डुबाने जैसा निर्णय है। बीजेपी सरकार की सोच दर्शाती है कि स्कूलों में उपयोग होने वाली स्टेशनरी सामग्रियों में लगातार बढ़ोतरी करना और शराब जैसे जहर के दामों को कम करना छत्तीसगढ़ प्रदेश को नशे का आदि बनाने वाला कार्य है।

पूर्ण शराबबंदी का दावा करने वाली ये सरकार लगातार गांव-गांव में शराब का करोबार कर रही है, जिस गति से प्रदेश में शराब का कारोबार का विस्तार राज्य की सरकार कर रही है उस गति से अगर वह मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम करती तो प्रदेश की जनता का भला होता। शराब जैसे जहर का दाम कम कर आखिर सरकार किसको लाभ दिलाना चाहती है इस बात को प्रदेश की जनता को समझने की आवश्यकता है। आज लगातार शराब के नशे के चलते प्रदेश का माहौल बिगड़ता जा रहा। घर-घर शराब के नशे के चलते बर्बाद हो रहा है और ऐसे में शराब



जैसे जहर के दामों को कम करना आखिर क्या संदेश देता है। चंद्राकर ने कहा कि जिस मोदी की गारंटी के खोखले वादों के दम पर सत्ता प्राप्त करने वाली यह सरकार को सिलेंडर के दामों की कमी याद नहीं आई। बेरोजगारी की मार झेलने वाले हजारों युवाओं को रोजगार देने की याद नहीं आई। स्कूलों में उपयोग होने वाली स्टेशनरी के दामों में कमी करने की याद नहीं आई, जो वादे सरकार ने प्रदेश की जनता से किए थे उसे पूरा करने के बजाए शराब के दाम में भारी कटौती करना यह संदेश देता है कि प्रदेश की युवा तरुनाई नशे में डूब जाए और सरकार से सवाल करना छोड़ दे। लेकिन प्रदेश का नौजवान आज सरकार की कथनी और करनी को समझ रहा है, वह देख रहा की कैसे एक सरकार जहर के कारोबार को तेजी से विकसित करने के लिए इसका विस्तार गांव गांव में दुकानें खुलवाकर गांव के शांत माहौल को अशांत करना चाह रही है। चंद्राकर ने कहा कि आज प्रदेश के युवाओं को बेहतर स्वस्थ और शिक्षा की आवश्यकता है न कि शराब दुकानों की। बेहतर शिक्षा संस्थान की अवश्यकता है, शिक्षा को सस्ती करने की दरकार है। सब जानते हुए भी शराब का कारोबार का विस्तार करना और इस जहर के दामों को घटाना सरकार की निम्न स्तर की सोच को स्पष्ट करता है। आज प्रदेश का विद्यार्थी और नौजवान सरकार की मंशा को समझ गया है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
LandLine No. 07707-242424
Emall ID-sdmbagbabara@gmall.com
रा.प्र.क्र. 202503121800052 अ/2 वर्ष 2024-2025 ग्राम घोयनाबाहरा कला प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. कोमाखान तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.)
श्रीमती सोनाली पटेल पति अनिल कुमार पटेल जाति अघरिया निवासी खरियार रोड उड़ीसा ...आवेदक
विरुद्ध
छ.ग. शासन ...अनावेदक

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम घोयनाबाहरा कला प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. कोमाखान तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनाली पटेल पति अनिल कुमार नायक जाति अघरिया निवासी खरियार रोड उड़िसा द्वारा ग्राम घोयनाबाहरा कला प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. कोमाखान तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 235 रकबा 0.62 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन /पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो इस न्यायालय में सुनवाई दिनांक 04.04.2025 दिन शुक्रवार समय 11.00 बजे तक स्वतः / अपने वैध्ध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग.)

# महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन समिति एवं नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संदीप सिंह राष्ट्रीय आपदा राहत बल के सब इंस्पेक्टर, अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.संध्या भोई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्र कुमार पटेल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति एवं अध्यक्ष नगर पालिका, हेमंत प्रधान उपाध्यक्ष नगर पालिका, गंगाराम पटेल, युवराज गोस्वामी, खीरचंद बारी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम अतिथियों का आपदा प्रबंधन समिति के संयोजक यूके बरिहा एवं हेमलता पटेल ने तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया। राष्ट्रीय आपदा राहत बल के सब इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने आपदा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। इस संसार में आपदा आने के मुख्य रूप से दो कारण है, पहले प्राकृतिक आपदा और दूसरा है मानव जनित आपदा। इस आपदा से मानव जीवन एवं घायलों को कैसे बचाया जाए?



अपने महत्वपूर्ण बातों को व्याख्यान के माध्यम से प्रस्तुत किया। आपदा प्रबंधन राहत बल के आशादीप त्रिपाठी और संतोष कुमार साहू ने आपदा से होने वाले जानमाल की नुकसान एवं भरपाई से बचने के उपाय बताएं। विश्व में कहीं पर भी आपदा आ सकता है, आपदा आने पर व्यक्ति को किन-किन सावधानियां का पालन करने से जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है? तथा घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल तक पहुंचाने के लिए अपने सुझाव दिए। आज कल छोटी-छोटी लापरवाही के कारण दुर्घटना एवं आगजनी तथा छोटे बच्चों की गले में चॉकलेट या पैसे फंस जाते हैं, उसको निकालने के तौर तरीके के बारे में प्रत्यक्ष रूप से बताया गया। आपदा के समय आने वाले सीपीआर विधि के माध्यम से घायलों की जान को बचाया जा सकता है, जिंदगी बचाने के लिए 8 मिनट तक का समय महत्वपूर्ण होता है, यदि उसी समय घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार अच्छे से किया जाए तो निश्चित रूप से उसकी जिंदगी को बचाया जा सकता है। बड़े-बड़े मॉल में शार्क सर्किट से वहां पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए किस तकनीक का प्रयोग कर जिंदगी को सुरक्षित किया जा सकता है, इस पर भी अपने विचार रखे और प्रत्यक्ष तौर पर उसका प्रदर्शन किया। फायर सेफ्टी मशीन के माध्यम से आपदा पर काबू पाया जा सकता है तथा कंबल को गिलाकर पूरी तरह से आग को बुझाया जा सकता है। घायलों को दो डंडे या रॉड के माध्यम से कंबल को एक चारपाई का आकार देकर अस्पताल तक पहुंचाया जा सकता है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को मंच में बुलाकर प्रत्येक प्रदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए छोटे-छोटे तकनीक अपनाया गया तथा उनकी जिज्ञासा को शांत किया गया। छात्र-छात्राओं ने आपदा प्रबंधन के इस एक दिवसीय कार्यशाला में मानव जीवन अनमोल है, इसको किस प्रकार से बचाया जाए इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किए। इस प्रकार का आयोजन महाविद्यालय में पहली बार किया गया। जिसमें राष्ट्रीय आपदा राहत बल के पूरी टीम उपस्थित रहकर बचाव के तकनीक के बारे में और जीवन को सुरक्षित रखने के उपाय बताएं। इस अवसर पर संदीप सिंह एनडीआरएफ सब इंस्पेक्टर, चंद्र कुमार पटेल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, हेमंत प्रधान उपाध्यक्ष नगर पालिका, दिनेश यादव मुख्य नगर पालिका अधिकारी, प्राचार्य डॉ. संध्या भोई, हेमलता पटेल, संतोष कुमार साहू ,आशादीप त्रिपाठी, शेर सिंह मीणा सहित नगर पालिका के पार्षद गण गंगाराम पटेल, रमीज रजा खान, दिव्या सेन, रोहित प्रधान, लिलेश प्रधान, फुलझर डिफेंस अकादमी के धर्मेंद्र चौधरी, किशन जायसवाल, महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी तथा अन्य विभाग के कर्मचारी सम्मिलित हुए। कार्यशाला में मंच संचालन खीरसागर पटेल विभागाध्यक्ष प्राणी विज्ञान एवं आभार प्रदर्शन यूके बरिहा संयोजक आपदा प्रबंधन समिति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका के कर्मचारी तथा स्नातकोत्तर विज्ञान के छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित होकर आपदा प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्राप्त किए।



## खबर संक्षेप



### खरोरा में पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में चैत्र नवरात्र पर्व पर पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ किया गया। जिसमें रंजीत, परशुराम, कमला, राधे, दिलीप, पवन, कौशिक हीराबाई, ललिता, माधुरी, राजू, भीखम, दुलार, नीलू, लक्ष्मीचंद, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### हिंदू नववर्ष पर शोभा यात्रा का किया स्वागत

**महासमुंद।** हिंदू नव वर्ष पर शहर में शारदा मंदिर से बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर तक आयोजित विशाल श्रीराम की शोभायात्रा में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। हिंदू नव वर्ष आयोजक समिति एकता चौक के तत्वावधान भव्य स्वागत किया गया। भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ भक्तिभाव से ओत-प्रोत वातावरण में भगवान श्रीराम की भव्य झांकियों के दर्शन किए। इस मौके पर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मीना वर्मा, कामिनी चंद्राकर, सुनील दास, जगदीश टावरी, स्वप्निल मोहबिया, भूपेंद्र, राजेश, धर्मेंद्र डार्सेना, सोमेश दवे आदि मौजूद रहे।

### हिंदू नववर्ष पर आधारित कैलेंडर का विमोचन 6 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष पर आधारित कैलेण्डर का प्रकाशन किया गया है। जिसका विमोचन रामनवमी पर समाज के बुजुर्ग माताओं तथा मातृशक्तिओं के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती और प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम 6 अप्रैल रविवार को अपरान्ह 4 बजे जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के निवास स्थान राम रहीम नगर महासमुंद में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला सचिव ओमप्रकाश पुरी ने समाज के सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सीएचसी में डॉ जांगड़े ने लिया बीएमओ का प्रभार

**सरायपाली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद के निर्देशन पर डॉक्टर एचएल जांगड़े को विकासखंड के बीएमओ का प्रभार विजय आनंद कोसरिया के सेवानिवृत होने के तदोपरांत यह उत्तरदायित्व दिया गया है। विदित हो कि डॉ जांगड़े पूर्व में भी बीएमओ के रूप में विकासखंड में अपने सेवाएं दे चुके हैं। बीएमओ के पदभार ग्रहण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विकासखंड छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर स्थित है एवं लोगों का स्वास्थ्य विभाग के प्रति बहुत ही अपेक्षा है, मेरा पहली प्राथमिकता आम जनता को समय पर समुचित व सुलभ चिकित्सा उपलब्ध कराना होगा।

**समस्या :** लो-वोल्टेज के कारण टंकी में पानी की सप्लाई बाधित

# नलों से पानी आना बंद, तालाब सूखने से निस्तारी की समस्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

इन दिनों क्षेत्र में अप्रैल व चैत्र के महीना में चिलचिलाती तेज धूप भीषण भरी गर्मी पड़ रही है। इधर, लो-वोल्टेज के कारण न तो ढंग से सिलिंग फैन न तो कूलर चल पा रहे हैं। जिससे लोग भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। तालाबों का जलस्तर लगातार घटने लगा है। निस्तारी की समस्या बनी हुई है। बताया जाता है कि लो वोल्टेज के कारण बोरवेल का सबमर्सिबल मोटर पंप नहीं चलने से पानी टंकियों में पानी का स्टोर नही हो पा रहा है, इससे ग्राम पंचायतों में पेयजल की संकट गहराने लगे है। जनपद पंचायत बागबाहरा के सबसे बड़े ग्राम पंचायत नर्रा में जो कि लगभग 4000 हजार आबादी वाले ग्राम में 20 वार्ड आते है। यहां 25 सालों से नलजल योजना संचालित है। लगभग 250 से 300 घरों में नल का कनेक्शन लगा हुआ है। पंचायत प्रतिमाह नल कनेक्शनधारियों से 75 रुपए की दर से वसूल करती है, जिससे नल कनेक्शनधारियों को पीने का पानी मिल सके, लेकिन इसके लिए संकट का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नं 8 और 9 के महिलाओं को पीने के पानी के लिए जद्दोजद करना पड़ रहा है। इस पंचायत के नल जल ऑपरेटर दयासिंह दीवान ने बताया कि लो-वोल्टेज के कारण सबमर्सिबल मोटर पंप ठीक से नहीं चल पा रहा है। जिसके चलते पानी टंकियों में सप्लाई के लिए पर्याप्त पानी का स्टोर नहीं हो पा रहा है, इस कारण अधिकांश घरों के नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इधर उधर से पीने का पानी का इंतजाम घर की महिलाएं कर रही है, तब जाकर खाना बन रहा है। वहीं पंचायत सचिव के हड़ताल में चले जाने से कामकाज ठप है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि यह 30 से 40 घरों के नलों में टुल्लू पंप लगा हुआ है, इससे पानी को खींच रहे है। इसी कारण नलों में पानी नहीं आ रहा है। ऐसे लोगों के ऊपर कार्रवाई की मांग की गई है।

# कृषि उपकरण व सामग्री खरीदी में अनियमितता की हो जांच : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के

- कृषि विभाग द्वारा की गई सामग्री व उपकरण खरीदी की जांच की मांग
- बिना दर निर्धारण के एक ही फर्म से कृषि विभाग ने की करोड़ों की खरीदी

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रमुख सचिव छग शासन कृषि एवं उत्पादन आयुक्त मंत्रालय को पत्र लिखकर कृषि विभाग महासमुंद द्वारा सामग्री एवं उपकरण खरीदी में की गई भ्रष्टाचार की जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा बजट सत्र 2024-25 में प्रश्न क्रमांक 1844, 19 मार्च 2025 के प्रश्न सरल क्र. 11 में कृषि विभाग महासमुंद द्वारा अपने उत्तर में बताया गया कि सामग्रियां, उपकरणों की खरीदी हेतु जेम पोर्टल में प्रथम बार आमंत्रित निविदाओं में दरों के पर्याप्त प्रतिस्पर्धा एवं तुलना सुनिश्चित किये जाने के लिए कम से कम तीन मूल निर्माताओं एवं उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदा में हिस्सा लिया जाकर न्यूनतम दर पर खरीदी की शर्त रखी गई है।

कृषि विभाग महासमुंद द्वारा दिये गये उत्तर में स्पष्ट किया गया है कि सामग्री, उपकरण निर्माताओं एवं प्रतिनिधियों द्वारा निविदा में हिस्सा लिए जाने पर क्रय आदेश दिया गया। जबकि, उत्तर के परिशिष्ट में जिन कंपनियों से सामग्री एवं उपकरण क्रय किए गये हैं, उनमें से अधिकतर निर्माता एवं कंपनी के प्रतिनिधि नहीं है। जेम पोर्टल में प्रावधान है कि एक ही सामग्री की 10 लाख रुपए या 10 लाख रुपए से कम खरीदी एल-1 के तहत तुलनात्मक न्यूनतम दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जा सकती है। संबंधित फर्म को प्रदाय आदेश दिया जा सकता है। परंतु, दिये गये प्रपत्र अनुसार मातादी इलेक्ट्रिकल्स गरियाबंद की



सामग्री/ उपकरण मेटलेक पावर स्पेयर 15 लीटर मूल्य 6395.00 रुपए की दर से 3472 नग क्रय राशि 2 करोड़ 22 लाख 3 हजार 440 रुपए का 10 जनवरी 2025 से टुकड़ों में क्रय किया गया है। जिससे शासन को भारी आर्थिक क्षति हुई है। इसके अलावा अन्य कंपनियों को निविदा में भाग लेने से वंचित कर दिया गया है। जिससे और कम दर आने की संभावना थी। इसी प्रकार सामग्रियां/ उपकरण भी तुलनात्मक न्यूनतम दर के आधार पर क्रय की गई है, जबकि, ऑनलाइन बिड न्यूनतम दर के आधार पर क्रय किया जाना था। इस प्रकार उक्त खरीदी प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार एवं लाखों का आर्थिक अनियमितता किया जाना प्रतीत होता है।

चंद्राकर ने कहा कि छग विधानसभा में कृषि विभाग जिला महासमुंद द्वारा दी गई गलत जानकारी की जांच कर संपूर्ण प्रश्न से संबंधित उत्तर में उल्लेखित एजेंसियों से क्रय के संबंध में तथा क्रय किये गये सामग्रियों एव उपकरणों के कृषकों को वितरण के संबंध सूक्ष्म जांच किए जाने की आवश्यकता है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा शासन जीरो टालरेंस की बात करती है। और शासन के महत्वपूर्ण विभाग जो किसानों से जुड़ी हुई है, वह प्रमुख सदन विधानसभा में गलत जानकारी देकर भ्रष्टाचार को अंजाम दे रही है। अधिकारियों द्वारा बिना भय के भ्रष्टाचार को अंजाम देने विधानसभा में भी गलत जानकारी देने से परहेज नहीं कर रहे। इससे साफ जाहिर होता है कि सत्ता संरक्षण में अधिकारी शासन के रिमोट के रूप में कार्य करते हुए शासन के आदेश पर करोड़ों के भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहा है। चंद्राकर ने प्रमुख सचिव को कृषि विभाग महासमुंद द्वारा विधानसभा में दी गई गलत जानकारी की प्रपत्र की छायाप्रति सौंपकर सूक्ष्म जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मुख्यमंत्री को नेवता, बंजारा महाकुंभ में छत्तीसगढ़ सहित देशभर से आएंगे बंजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

आल इंडिया बंजारा सेवा संघ छत्तीसगढ़

- 8 अप्रैल को रायपुर के दीनदयाल ओडिटोरियम में होगा कार्यक्रम

के तत्वावधान में बंजारा महाकुंभ का आयोजन 8 अप्रैल 2025 मंगलवार को रायपुर के दीनदयाल आडिटोरियम रायपुर विश्व बंजारा दिवस के दिन होने जा रहा है, इस दिन के लिए बसना विधायक संपत अग्रवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने आमंत्रित किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ के कई विधायक और नेताओं का आना हो रहा है, इसके लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में निवासरत बंजारा समाज के लोग कार्यक्रम में पहुंचेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्य के बंजारा समाज के प्रबुद्धजन कार्यकम में भाग लेंगे। बंजारा महाकुंभ का आयोजन



का प्रमुख उद्देश्य बंजारा नायक समाज का एकता, संप्रभुता सामाजिक एकता, विलुप्त होती जा रही बंजारा संस्कृति भाईचारा एवं सामाजिक विकास के लिए आयोजन रखा गया है। जिसमें बंजारा समाज की संस्कृति के प्रमुख झलकियां जैसे ठंडा, लड़ी, फाग बंजारा गीत के साथ बंजारा समाज का वेशभूषा को भी दिखाया जाएगा। ताकि, लोग समाज के संस्कृति से जुड़े रहें। आल इंडिया बंजारा सेवा संघ मीडिया प्रभारी पंचराम परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। वर्तमान में हुए त्रिस्तरीय पंचायत में चुने हुए समाज के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला सदस्य, नगर अध्यक्ष को सम्मानित किया जाएगा। इसी दिन कार्यक्रम पश्चात ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ का प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का चुनाव भी होगा। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों आकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# आमापाली में अष्टप्रहरी नाम यज्ञ कीर्तन का आयोजन, विविध कार्यक्रम भी हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना ब्लाक के ग्राम आमापाली के बीच मोहल्ले में हरी नाम यज्ञ अष्टप्रह ग्राम कीर्तन का आयोजन किया गया। गांव में आयोजित 24 घंटे अष्ट प्रहरी हरिनाम यज्ञ कीर्तन कार्यक्रम का सोमवार शाम को दधि भांडो, नगर भ्रमण के साथ धूमधाम से हुआ। दो दिन तक अष्टप्रहरी कीर्तन के आयोजन से समूचा क्षेत्र के भक्तगण हरे कृष्ण हरे राम के नाम से भक्ति भाव में सराबोर रहे। वहीं दो दिन तक भक्तगण कार्यक्रम स्थल में डेरा डाले रहे, हरे कृष्ण हरे राम नाम का जाप करते रहे। सोमवार की सुबह ग्रामवासी महाआरती के बाद राम नाम यज्ञ के साथ मंत्रोच्चारण पश्चात विधि विधान से पूजा संपन्न हुई। इसके बाद अष्टप्रहरी कीर्तन का समापन हुआ। नाम यज्ञ समापन के बाद कीर्तन मंडली रंग गुलाल के साथ पूरे गांव में भ्रमण कर नृत्य के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर मृदंग की थाप से गांव धार्मिक, पारंपरिक वेशभूषा धारण कर भक्त नाचने गाने लगे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। गांव भ्रमण ने दौरान सभी ग्रामवासी भगवान का पग धोकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए। नगर भ्रमण के बाद कार्यक्रम स्थल में मटकी फोड़, दही भांडों एवं बैठकी कीर्तन धारा का कार्यक्रम हुआ। जिसमें युवा वर्ग के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। सभी एक दूसरे के ऊपर चढ़ कर मटकी को फोड़ने लगे। मटकी फोड़ के बाद सभी महिलाएं एवं पुरुष एक साथ बैठकर मंत्र उच्चारण के बाद महाप्रसाद ग्रहण किए। इस आयोजन को सफल बनाने में कीर्तन मंडली के भास्कर साव ओमप्रकाश, राजेश, नवीन, अर्थो नायक, सुरेश मिश्रा, मथामणि मिश्रा, अगरचंद, नित्यानंद एवं ताराचंद के साथ साथ समस्त ग्रामवासी आयोजक समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### खल्लारी मेला महोत्सव को लेकर हुई चर्चा

**खल्लारी।** ऐतिहासिक धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला चैत्र पूर्णिमा मेला 2025 के भव्य आयोजन को लेकर बागबाहरा जनपद क्षेत्र क्रमांक 02 खल्लारी के जनपद सदस्य भूमिका रामजी लाल सिन्हा के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर और जनपद पंचायत बागबाहरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल मंडावी से मुलाकात कर खल्लारी मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष को उपसरपंच तारेश ने खल्लारी मेला महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर ज्ञापन भी प्रेषित किया। वहीं खल्लारी मेला के भव्यता को लेकर बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मेला महोत्सव के आयोजन के लिए अनुमानित लागत 10 लाख की राशि स्वीकृति कराने के लिए सामान्य सभा के आयोजित बैठक के प्रस्ताव में उल्लेख भी कराया। इस दौरान ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, पंचगण भुनेश्वर सिन्हा, तोषण चक्रधारी, मोगेश पांडे, हेमंत यदु व ग्रामीणजनों में कुबेर यदु, धीरज गुप्ता, योगेश सबर, जित्तू सिन्हा, टिकेश्वर पटेल संहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




